पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

वर्ष - 22 ◆ अंक - 15 ◆ रायपुर 05 फरवरी 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणा, प्रदेश में अंतरिक्ष संगवारी पहल को मिलेगा विस्तार

## अंतरिक्ष केंद्र बनेगा युवा सपनों को पूरा करने की प्रयोगशाला - मुख्यमंत्री साय

रायपुर। अंतरिक्ष केंद्र युवा सपनों को पूरा करने की प्रयोगशाला बनेगा। यह केंद्र प्रदेश के वैज्ञानिक भविष्य की मजबूत नींव है और पूरे प्रदेश में अंतरिक्ष केंद्रों का विस्तार किया जाएगा।





मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के राखी में जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट अंतरिक्ष के तहत आयोजित अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री श्री शुभांशु शुक्ला के साथ छत्तीसगढ़ के पहले अंतरिक्ष केंद्र का विधिवत शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में अंतरिक्ष संगवारी पहल को विस्तार देते हुए सभी जिलों में अंतरिक्ष केंद्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री डॉ. शुभांशु शुक्ला का छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. शुभांशु शुक्ला जैसे व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणा के जीवंत प्रतीक हैं, जिनकी अंतरिक्ष यात्रा ने देश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से भावपूर्ण संवाद करते हुए कहा कि आज से उनके सपनों को पंख मिल रहे हैं और उनका आकाश और भी बड़ा हो गया है। यह अंतरिक्ष केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों की प्रयोगशाला है, जहां वे विज्ञान को किताबों से बाहर निकालकर प्रयोग और अनुसंधान के माध्यम से समझ सकेंगे। श्री साय ने जशपुर जिले के बच्चों द्वारा रॉकेट निर्माण की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उदाहरण बताता है कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित अवसर की होती है, जिसे यह केंद्र उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान अब केवल जिज्ञासा का विषय नहीं, बल्कि रोजगार और करियर का बड़ा क्षेत्र बन चुका है। इसरो की वैश्विक विश्वसनीयता के कारण भारत आज अंतरिक्ष की दुनिया में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आने वाले समय में यह केंद्र बच्चों को सैटेलाइट निर्माण, ट्रैकिंग, मौसम पूर्वानुमान, क्लाउड मैपिंग जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण देगा। उन्होंने कहा कि इस अंतरिक्ष केंद्र से किसानों को सटीक मौसम और फसल संबंधी जानकारी मिलेगी, जिससे कृषि को सीधा लाभ होगा। साथ ही, तकनीक आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं का महानगरों की ओर पलायन रुकेगा। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में सैटेलाइट तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और भविष्य में इस क्षेत्र में स्पेस साइंस का महत्व और बढ़ेगा।

**प्रदेश के सभी जिलों में खुलेंगे अंतरिक्ष संगवारी केंद्र**

### सांसद बृजमोहन के प्रयास से खुला प्रदेश में अंतरिक्ष केंद्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पहले अंतरिक्ष केंद्र के शुभारंभ को प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह केंद्र छत्तीसगढ़ के युवाओं के सपनों को नया आकाश देने वाला मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने इसे राज्य को भविष्य का स्पेस टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया। अग्रवाल ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव है। इस अंतरिक्ष केंद्र के माध्यम से राज्य के छात्र और युवा वैज्ञानिक स्पेस रिसर्च, नवाचार, सिम्युलेशन और अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त करेंगे, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकेंगे। अग्रवाल ने कहा कि आज नवा रायपुर में इस सपने का साकार होना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच, विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा देने वाली नीतियों और राज्य के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

बजट 2026-27 : इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं

## 1 अप्रैल से लागू होंगे नए इनकम टैक्स एक्ट

नई दिल्ली । केंद्रीय बजट 2026 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्सपेयर्स के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि नए इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे और आयकर से जुड़े नियमों को पहले से अधिक सरल और पारदर्शी बनाया गया है।



छोटे टैक्सपेयर्स के लिए एक नई स्कीम का भी प्रस्ताव रखा गया है, जिससे टैक्स अनुपालन आसान होगा। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि आईटीआर-1 और आईटीआर-2 दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। इससे लाखों वेतनभोगी और छोटे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार का कहना है कि फॉर्म को सरल बनाने के साथ-साथ टैक्स फाइलिंग की प्रक्रिया को भी डिजिटल और यूजर-फ्रेंडली किया गया है। वित्त मंत्री ने संसद को बताया कि सरकार ने 2021-22 में किया गया वादा पूरा कर लिया है। बजट अनुमान के अनुसार, 2025-26 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि 2026-27 में यह घटकर 4.3 प्रतिशत होने की उम्मीद है। सरकार का फोकस वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को गति देने पर है।

### क्या-क्या हुआ महंगा?

मिनरल्स, स्क्रैप, शराब

**क्या हुआ सस्ता?**

लेदर, कपड़ा
सिंथेटिक फुटवियर
विदेशी यात्रा
कैंसर की 17 दवाएं
माइक्रोवेव ओवन, जूते
एयरक्राफ्ट निर्माण से जुड़ी चीजें
EV बैटरी
शुगर की दवाएं
चमड़े और कपड़े का निर्यात
बायोगैस मिक्स्ड CNG ये सारी चीजें **सस्ती होंगी.**
सोलर ग्लास, मिक्स्ड गैस सीएनजी
विमानों का ईंधन

### ये युवा शक्ति का बजट-मोदी



पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं को बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया। उधर विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा, युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह बेहद ही बिखरा बजट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता को कुछ नहीं दिया।

# सर्व हिन्दू समाज द्वारा एक विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन





**रायपुर।** दिनांक 25 जनवरी 2025 को मामा ग्राउंड, टाटीबंध उदया"बस्ती में सर्व हिन्दू समाज द्वारा एक विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री संजय दुबे, प्रांत संपर्क प्रमुख (आरएसएस) उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्माचार्य शशि भूषण मोहंती ने की। मुख्य अतिथि श्री विक्रर सिंह सिद्धू एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती पल्लवी झा तथा अजिता गणोदवाले (प्रांत सह कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति) विशेष रूप से उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात श्री सुनील शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, आशुतोष दुबे, कंवरलाल शर्मा, अभिषेक त्रिपाठी, राकेश अग्रवाल, धर्मवीर शर्मा, दिवाकर शिंदे, अशोक भल्ला ओमप्रकाश, डी.बी. सिंह, श्री अनिल अग्रवाल, एवं पिंकी मिश्रा द्वारा अतिथियों का श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।अपने उद्बोधन में श्रीमती अजिता गणोदवाले ने सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाकुंभ जैसे आयोजनों में बिना किसी जाति-वर्ग के भेदभाव के देश-विदेश से लोग पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं, जो हिन्दू समाज की एकता और समरसता का प्रतीक है। उन्होंने नारी शक्ति को हिन्दू धर्म की आधारशिला बताते हुए कहा कि हिन्दू संस्कृति में नारी को पूजनीय स्थान प्राप्त है।धर्माचार्य शशि भूषण मोहंती ने अपने उद्बोधन की शुरुआत "जय श्रीराम" के उद्घोष से की। उन्होंने कहा कि सृष्टि के 16 संस्कारों का पालन करने वाला ही हिन्दू कहलाता है। हिन्दू धर्म जीवन पद्धति है, जो ब्रह्मा, विष्णु और महेश की अवधारणा पर आधारित है और सर्वव्यापी है।

मुख्य वक्ता श्री संजय दुबे ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज वैश्विक स्तर पर हिन्दू संस्कृति को समाप्त करने के प्रयास हो रहे हैं, ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिन्दुत्व और संस्कृति की रक्षा हेतु एक सशक्त शक्ति के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक त्याग तथा जातिवाद-भाषावाद से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता बनाए रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों से आए श्री लीलाराम चौधरी, समाजसेवी श्री सतबीर सिंह, श्री दीपक खेरसमाज प्रमुखों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महानगर संघचालक श्री महेश बिरला, नगर संघचालक श्री सदाशिव गोफने, पूर्व संघचालक श्री सुशील पारिख, समाजसेवी श्री गोपाल टावरी, नगर कार्यवाह श्री मनमोहन सिंह, श्री अनिल पांडेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस विराट सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्य₹ म का समापन आभार प्रदर्शन के साथ जितेन्द्र शर्मा जी द्वारा किया गया।

# नगर में धूमधाम से मनाई गई गुहा निषाद जयंती, शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज शामिल हुआ

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखमरिया।** थानखमरिया नगर में निषाद समाज के वंशज एवं भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त गुहा निषाद जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारीगण, मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू रहे। समाज प्रमुख श्री बोधी निषाद (प्रदेश उपाध्यक्ष निषाद समाज) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल ने की। विशेष रूप से जिला निषाद अध्यक्ष श्री दिलीप निषाद, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोशन सिन्हा सहित वार्ड पार्षदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला निषाद अध्यक्ष दिलीप निषाद ने भक्त गुहा निषाद राज के जीवन, उनके आदर्शों तथा सामाजिक समरसता और समाज की एकता पर प्रकाश डाला। प्रदेश उपाध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निषाद समाज को दी गई सुविधाओं, जैसे छात्रावास भवन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और समाज को संगठित रहने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने बताया कि महाराज निषाद राज भगवान श्रीराम के परम मित्र थे। उन्होंने वनवास के दौरान भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को गंगा पार करवाने में सहायता की थी। रामचरितमानस में केवट प्रसंग उनके भक्ति, मित्रता और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल ने कहा कि गुहा निषाद जयंती निषाद समाज के लिए गौरव का दिवस है। उन्होंने युवा वर्ग से समाज को आगे बढ़ाने और निषाद राज के आदर्शों पर चलकर एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण की अपील की। उन्होंने नगर विकास में सभी के सहयोग की आवश्यकता भी बताई।

पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने निषाद समाज की महिमा एवं भगवान राम के प्रति समाज की श्रद्धा और समर्पण पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के पश्चात समाज की मातृशक्ति द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। युवाओं ने डीजे की धुन पर आकर्षक नृत्य करते हुए जय श्रीराम एवं निषाद राज की जय के जयकारे लगाए।

कार्यक्रम के अंत में समाज द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार निषाद ने किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, झूलाराम निषाद, रामावतार निषाद, कमलेश निषाद, नरेंद्र निषाद, मनोज निषाद, गिरधारी निषाद, बलराम निषाद, श्रीमती सुशीला निषाद, परसराम निषाद, घसिया निषाद, रामकृष्ण निषाद, ठाकुरराम निषाद, समयलाल निषाद, पिंटू निषाद, टिकम अग्रवाल, सूरजपाल, पार्षद शरद कुंभकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋषि तिवारी, केशव पटेल मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।




# विकसित भारत की आधारशिला है बजट टेसूलाल धुरंधर



भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक टेसूलाल धुरंधर ने वित्त मंत्री श्री मती निर्मला सीतारमण को सर्वस्पर्शी बजट पेश करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ दादागिरी के बाद भी बिना झुके 7% ग्रोथ के साथ वर्ष 2026-27 के लिए वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आधारशिला रखी गई है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,युवा, महिला,गरीब, किसान आदि सभी घटकों का ध्यान रखते हुए मुख्य रूप से प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल,10 साल के लिए खेलो इंडिया, कैंसर की 17 दवाइयां सस्ती करने,आत्मनिर्भर फंड को सपोर्ट,7 हाई-स्पीड कॉरिडोर बनाने की योजना सहित कई ऐसे अन्य उपाय प्रस्तावित किए गए हैं जिसका प्रभाव वैश्विक पटल पर कुछ ही अंतराल के बाद दिखाई देने लगेगा।

# नारी देह, नारी अधिकार : माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि



विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं।



अतिथि संपादक - ललित गर्ग

# लोक लुभावन की बजाय आर्थिक सेहत ठीक करने वाला बजट

**अंग्रेजी में एक मुहावरा है, टू रॉब पीटर टू पे पॉल। हिंदी में इसका मतलब होगा, पीटर से लेकर पॉल को देना। दुनिया की हर सरकारों के बजट के लिए इस मुहावरे का बखूबी इस्तेमाल होता है। मीडिया भी हर बजट के दिन एक खबर जरूर बनाता है, रूपया आएगा कहां से और जाएगा कहां। इसका भी मतलब इस मुहावरे जैसा ही। बजट प्रबंधन में दुनियाभर की सरकारें एक व्यक्ति या स्रोत से लेकर दूसरे को उपलब्ध कराती रही हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हर बजट ऐसा ही होता है।**



लोकसभा में साल 2026–27 के लिए प्रस्तुत बजट को इस मुहावरे से कुछ हद तक दूर रखा जा सकता है। बजट प्रस्तावों की मीमांसा होती रहेगी, लेकिन फौरी तौर पर देखें तो कुछ चीजें साफ होती हैं। इस बजट के बारे में कह सकते हैं कि यह लोकलुभावन नहीं है।

साल 2024–25 और 2025–26 के बजट को देखें तो उन दिनों मोदी सरकार पर जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का दबाव था। इसलिए बीते दोनों बजट में लोकलुभावन घोषणाएं की गईं। वैसे भारतीय राजनीति की रवायत बन चुकी है कि ऐन चुनावों से पहले आने वाले बजट प्रस्तावों में उस राज्य विशेष जहां चुनाव होने हैं, के लिए लुभावनी घोषणाओं की बाढ़ आ जाती है। कुछ ही महीनों बाद पांच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। पश्चिम बंगाल पर बीजेपी जहां कब्जे की कोशिश में दिन–रात एक किए हुए हैं, वहीं प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु में भी अपनी ताकतवर उपस्थिति जताने के लिए जोर लगाए हुई है। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुद्दचेरी में भी चुनाव होने हैं। इसी तरह बीजेपी की कोशिश गॉड'स ओन कंट्री यानी भगवान के अपने घर केरल में कमल का फूल खिलाने की है। जबकि असम में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए मुतमइन है। राजनीतिक रवायत के मुताबिक, मौजूदा बजट प्रस्तावों में इन राज्यों के लिए घोषणाओं की बाढ़ आनी चाहिए थी। लेकिन तमिलनाडु से आने वाली निर्मला सीतारमण ने अपने नौंवे बजट में ऐसा कुछ भी नहीं किया। इस लिहाज से यह बजट भारतीय राजनीति का नया चेहरा प्रस्तुत कर रहा है।

इस बजट के बारे में कहा जा सकता है कि यह लोकलुभावन घोषणाओं की बजाय संरचनात्मक सुधारों, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर केंद्रित है। इस बजट में जिस तरह शी मार्ट के जरिए महिला उद्योगपतियों को प्रोत्साहन देने की बात है, बेकार और अनुपयोगी हो चुके कानूनों को बदलने के लिए समिति बनाने का का प्रस्ताव है या सात हाईस्पीड रेल कॉरीडोर बनाने की बात है या फिर ग्रामीण बजट को बढ़ावा दिया गया है, या फिर मनरेगा की जगह पर आए नए कानून जी राम जी को जबरदस्त प्रोत्साहन दिया गया है, उस वजह से यह बजट अलग स्वरूप लिए हुए दिख रहा है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने इसे वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को सशक्त बनाने वाला बजट बताया है। हालांकि पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री पी चिदंबरम् मानते हैं कि इस बजट प्रस्ताव में सरकार चीन और अमेरिकी दबाव में दिख रही है।

लेकिन विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी–मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में 133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है। इसके साथ ही ब्लूमबर्ग ने बजट में 12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स को ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए बड़ा संकेत माना है। दुनिया की सबसे बड़ी समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने इन बजट प्रस्तावों को लेकर कहा है कि भारत के इस बजट में वित्तीय अनुशासन बनाम विकास का द्वंद्व दिख रहा है। एजेंसी कहती है कि बजट प्रस्ताव में मोदी सरकार ने 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। इसी तरह उसने बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया। मोदी सरकार के ये कदम नए बदलाव के प्रतीक हैं। ब्रिटेन से प्रकाशित होने वाले प्रसिद्ध आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी सरकार के बजट को लेकर कहा है कि यह ग्लोबल अनिश्चितता के बीच भारत का स्थिर कदम है। इस बजट के जरिए भारतीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेश और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है। दुनिया की जानी–मानी पत्रिका फोर्ब्स ने 2026 के बजटको लेकर एक तरह से हैरत जताते हुए सवाल पूछ लिया है कि क्या सेमीकंडक्टर और एआई के क्षेत्र मे निवेश भारत को टेक्निकल दुनिया का सुपरपावर बनाएगा? दुनिया की दूसरी बड़ी समाचार एजेंसी एएफपी ने भारत के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए रिकॉर्ड 133 अरब डॉलर देने के वादे का स्वागत किया है। कुछ ऐसी ही प्रतिक्रियाएं दूसरी संस्थाओं की भी है। मशहूर रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस बजट को %टैक्टिकल% यानी रणनीतिक करार दिया है। मूडीज का मानना है कि यह बजट क्रेडिट प्रोफाइल में तुरंत बदलाव नहीं करेगा, लेकिन भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा है। इन प्रतिक्रियाओं में प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया को भी जोड़ सकते हैं, जिन्होंने इसे रिफॉर्म एक्सप्रेस बताया है। भारतीय मध्य वर्ग को हर बार बजट से बड़ी उम्मीद रहती है। देश का सबसे बड़ा आयकर दाता मध्य वर्ग ही है। उसे उम्मीद थी कि इस बार के बजट में आयकर पर किंचित ही सही, छूट मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे उसे थोड़ी निराशा तो जरूर हुई है।

विदेशी समाचार माध्यमों और समाचार एजेंसियों की नजर में यह बजट एक तरह से क्रांतिकारी है। दुनिया की जानी-मानी आर्थिक समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि भारत ने अपने बजट में 133 बिलियन का इंफ्रास्ट्रक्चर दांव लगाया है। इसके जरिए भारत अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सुपरचार्ज करने की तैयारी में है।

- उमेश चतुर्वेदी

# भिलाई निगम की सौगात : वूमेन फॉर ट्री योजना की महिलाओं को 27 लाख से अधिक का मानदेय भुगतान

## भिलाई की 'हरित शक्ति' को मिला सम्मान : 125 महिलाओं के बैंक खातों में पहुँचा 3 माह का मानदेय

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की 'वूमेन फॉर ट्री' योजना से जुड़ी महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटी 125 महिलाओं के अथक परिश्रम का फल उन्हें मानदेय के रूप में मिल गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने तत्परता दिखाते हुए 40 महिला स्व-सहायता समूहों को तीन महीने का लंबित मानदेय जारी कर दिया है।









### मुख्य बातें

कुल भुगतान राशि 27,23,802.00

अवधि अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2025 का मानदेय।

लाभान्वित 40 स्व-सहायता समूहों की 125 महिलाएं।

कार्य शहर में 12,500 पौधों का रोपण और उनका संधारण।

### जल्द होगा शेष भुगतान

प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत राशि प्राप्त होते ही निगम ने तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया है। नवंबर और दिसंबर 2025 के मानदेय के लिए भी बिल शासन को भेजे जा चुके हैं। जैसे ही राशि प्राप्त होगी, शेष दो माह का भुगतान भी प्राथमिकता के आधार पर कर दिया जाएगा।

# घोषणा के अनुरूप किसानों का एक एक दाना धान खरीदे सरकार - कॉंग्रेस

## विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में हुआ सांकेतिक चक्का जाम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्थानीय कांग्रेसजनों द्वारा कांग्रेस भवन में बापू की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। यह आंदोलन प्रदेश में धान खरीदी में व्याप्त अनियमितताओं तथा मनरेगा कानून में किए जा रहे संशोधनों के विरोध में आयोजित किया गया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को विधायक इन्द्र साव ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की योजनाओं की नींव महात्मा गांधी के विचारों ने रखी थी, जिसमें समाज के आखरी व्यक्ति के हितों की रक्षा, सम्मान व विकास मुख्य ध्येय था। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। किसान महीनों की मेहनत के बाद जब अपना धान बेचने खरीदी केंद्रों तक पहुंचता है तो उसे टोकन, सर्वर की समस्या, नई-नई शर्तों एवं समय-सीमा जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार किसानों को बिना धान बेचे ही केंद्रों से लौटना पड़ता है, जिससे वे आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। विधायक साव ने अधिकारियों द्वारा किसानों के घर-खेत जाकर धान के भौतिक सत्यापन किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह व्यवस्था अव्यवहारिक होने के साथ-साथ किसानों के स्वाभिमान के खिलाफ है। किसान पहले ही पंजीयन व आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करता है, इसके बावजूद घर जाकर जांच करना किसानों को संदेह की नजर से देखने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह किसानों को धान खरीदी प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसमें बदलाव कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। काम के दिनों में कटौती, भुगतान में देरी और नियमों को जटिल बनाकर मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी। पूर्व निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने एग्रीटेक पंजीयन की बाध्यता समाप्त कर किसानों को राहत देने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते सहकारी समितियां डिफाल्टर बनने की कगार पर पहुंच रही हैं। उक्त मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने, धान खरीदी में आ रही अनियमितताओं को दूर करने तथा किसानों के हित में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की भी मांग की गई। सभा को राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, अमित शर्मा, अजय ठाकुर, वैभव केसरवानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने किया धरना-प्रदर्शन में अमर मंडावी, मोहन केशरवानी, सुधेराम वर्मा, घनाराम साहू,शीरिज जांगड़े, आबिद खान, जीतू ठाकुर, मनहरण वर्मा, नानू सोनी, दिनेश तिवारी,नरेंद्र यादव, चंद्र कांत खूंटे,राजेश गुप्ता,नितीन शुक्ला,मुकेश साहू, अय्यूब बांठिया, उमाशंकर गुप्ता, शेष नारायण यदु,रामावतार साहू, राजेश जगवानी, संजय टंडन, महेंद्र साहू,चैतराम कोशल, शशांक बंजारे,सचिन्द्र शर्मा,रामरतन दांडेकर,ज्योति, अनिल दांडेकर, धनंजय कुर्रे,गिरीराज चावड़ा,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान एवं मजदूर उपस्थित रहे।

# सिंगारपुर एवं भाटापारा में सरस्वती साइकिल वितरण, वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में शामिल हुए अश्वनी शर्मा



**भाटापारा।** ग्राम सिंगारपुर स्थित शासकीय बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह एवं सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसी क्रम में शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 83 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा तथा विद्यालय आने-जाने में उन्हें सुविधा प्राप्त होगी। इसी प्रकार रामसागर पारा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 75 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शासन की योजनाएँ विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर डब्लू सिंह ठाकुर जिलापंचायत सभापति राजा जायसवाल सरपंच कनक मनहरे उपसरपंच दिनेश साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोष साहू पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र साहू शिव यदु इतवारी जांगड़े गौरीशंकर संतोष ध्रुव फलित रामनारायण यदु सोनू साहू एवं पार्षद नरेंद्र यदु पूर्व पार्षद व्यास नारायण यदु एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा को भाजपा ने दी बड़ी जिम्मेदारी, बनाये गए पूर्व बर्धमान जिले के प्रभारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा की संगठन कार्य कुशलता, सक्रियता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में शिवरतन शर्मा को पूर्व बर्धमान जिला (23वां) के प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है और वे पश्चिम बंगाल में 27 जनवरी से लगातार जिले के विधानसभाओ के दौरे में हैं, पूर्व बर्धमान में 09 विधानसभा सीटे आती हैं, जहाँ भाजपा कार्यकर्त्ताओ के साथ सतत बैठक कर चुनावी चर्चा में सहभागिता कर रणनीति तय कर रहे हैं।








इस जिम्मेदारी के लिए शिवरतन शर्मा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि इससे पूर्व में भी कई राज्यों के विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में शिवरतन शर्मा को प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया, लगातार क्षेत्र में दौरा कर जनता से मिले, भाजपा की नीतियों और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के कार्यों, जनहित की योजनाओं एवं भाजपा के विकासवाद का प्रचार-प्रसार किया गया।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुझे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रभारी के रूप में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश नेतृत्व और समस्त वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पार्टी द्वारा जिस विश्वास से मुझे यह दायित्व सौंपा गया है उसके प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करुँगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव-2026 भाजपा के लिए ऐतिहासिक विजय का चुनाव होगा।

पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत प्रदान कर प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद होने वाले अभूतपूर्व बदलाव, राज्य के विकास और योजनाओं से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए कृतसंकल्पित नजर आ रही हैं.. और घुसपैठियों को वोट बैंक बनाने वाली भ्रष्ट सरकार की इस विधानसभा चुनाव में विदाई निश्चित है।





# दुर्ग पुलिस की सख्ती का असर, ट्रैफिक चालानों में हुई बढ़ोतरी, तो सड़क हादसों में 25% तक घटी मौतें

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

दुर्ग। जिले की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा की जा रही सख्ती के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। यातायात नियमों के कड़ाई से पालन और रिकॉर्ड तोड़ चालानी कार्यवाही के चलते सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के आंकड़ों में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

## आंकड़ों में बड़ा बदलाव 2025 बनाम 2026

यातायात विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पुलिस ने इस वर्ष प्रवर्तन अभियान को काफी तेज किया है। तुलनात्मक विवरण निम्नलिखित है

विवरण वर्ष 2025 वर्ष 2026

कुल चालानी कार्यवाही 5,364 8,662



सड़क दुर्घटना में मृत्यु 47 35

पुलिस का मानना है कि जैसे-जैसे नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही बढ़ी है, वाहन चालकों में अनुशासन आया है, जिससे सड़क हादसों की गंभीरता में कमी आई है।

जागरूकता और प्रवर्तन का तालमेल

दुर्ग पुलिस ने न केवल चालान काटकर जुर्माना वसूला, बल्कि नियमित चेकिंग और जन-जागरूकता अभियानों के जरिए लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति प्रेरित भी किया। इस सफलता में यातायात पुलिस दुर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सतत निगरानी और सराहनीय भूमिका रही है।

दुर्ग पुलिस की अपील सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। स्वयं और दूसरों की जान बचाने के लिए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## गुमशुदा की तलाश



संजीव कुमार

**नाम संजीव कुमार** पिता अनंत विजय चौधरी उम्र-37 वर्ष, हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, रंग-गेहुआ, नीले रंग का चेक शर्ट और लोअर पहना हुए 21 जनवरी 2026 से बिना बताए घर से निकल गए हैं दिमागी रूप से कमजोर और शारीरिक तौर पर चलने में असमर्थ है। **कद - 6 फिट लगभग जिस किसी सज्जन व्यक्ति को दिखाई दे तो तुरंत संपर्क करें।**

**सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।**

**संपर्क : 90744-99935 73897-95051**

# मानव श्रृंखला एवं ग्राम भ्रमण के माध्यम से 'विकसित भारत' अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा** विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मानव श्रृंखला एवं ग्राम भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को विकसित भारत जी राम जी अभियान की विस्तृत जानकारी दी जा रही है तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम-ग्राम जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। मानव श्रृंखला के माध्यम से सामाजिक एकता, सामूहिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।



इसी क्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं जल स्रोतों के संरक्षण, अनावश्यक जल अपव्यय रोकने तथा पानी का सदुपयोग कर भविष्य के लिए जल बचाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है।

ग्रामीणों को बताया गया कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण के बिना सतत विकास संभव नहीं है। अभियान के तहत घर-घर जल बचाने की आदत, खेतों में संतुलित सिंचाई, चेकडैम, सोख्ता गड्ढा एवं जल संरचनाओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने विकसित भारत के निर्माण एवं जल संरक्षण हेतु सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण, विधायक ईश्वर साहू बोले- मैं गरीब मजदूर का बेटा, आप लोगों के आशीर्वाद से विधायक बना

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम टिपनी में नव निर्मित व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण साजा विधायक ईश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में जिला जनपद प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, महामंत्री घनश्याम राजपूत तथा सरपंच होमन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

लोकार्पण अवसर पर ग्राम टिपनी में भव्य मेला एवं जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि मैं एक गरीब मजदूर का बेटा हूं, आप सभी के आशीर्वाद से विधायक बना हूं। आपने मुझे विधानसभा भेजा, इसके लिए मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। जो वादे मैंने किए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास की गति तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत 18 लाख आवास, महिलाओं को महतारी वंदन योजना, बोनस भुगतान सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

जिला महामंत्री राजेश ठाकुर ने कहा कि विधायक ईश्वर साहू सक्रियता के साथ क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं और भाजपा सरकार प्रदेश की दिशा व दशा सुधारने का काम कर रही है।

साजा जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में पंचायत से लेकर प्रधानमंत्री तक कार्यकर्ता जनता की सेवा में लगे हैं और क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं होगी। सरपंच होमन साहू ने कहा कि विधायक बनने के बाद ईश्वर साहू के नेतृत्व में पंचायत में विकास कार्य तेजी से हुए हैं और उन्होंने पंचायत की मांगों का ज्ञापन सौंपा।



पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने ग्राम टिपनी से अपने पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने इसी गांव से राजनीति की शुरुआत की थी तथा सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधायक द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की गई, जिसमें व्यावसायिक परिसर टिन शेड के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये, तालाब घाट निर्माण हेतु 7 लाख रुपये तथा ज्योतिकक्ष विकास के लिए 3 लाख रुपये शामिल हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, हरदत्त साहू, सरपंच गिरधारी निर्मलकर, रामावतार सिंह राजपूत, कृष्णा साहू, श्रीमती रानी साहू, पंच लक्ष्मी, ताराचंद मारकंडे, चरण सिंह मारकंडे, उपसरपंच कृष्णा कुमार, बाबूलाल साहू, प्रेमलाल साहू, राजकुमार चंद्राकर, केदार साहू, साहू समाज अध्यक्ष सोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दौलतनाथ योगी ने किया।

# जामुल पुलिस की नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, कॉलेज के पास गांजा बेचते 2 आरोपी गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ रतन कुमार**




**जामुल/दुर्ग।** दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जामुल थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जामुल कॉलेज के पास घेराबंदी कर दो युवकों को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है।

## मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि जामुल कॉलेज रोड पर कुछ युवक गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना जामुल की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कॉलेज के पास घेराबंदी की और दो संदिग्धों को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उनके पास से 1.770 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

## पकड़े गए आरोपी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ओमेश कुमार ठाकुर (22 वर्ष) और अमय गुप्ता (20 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी रामनगर, थाना मोहन नगर (दुर्ग) के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा 1500 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

## कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 76/2026 के तहत NDPS Act की धारा 20(ख), 27 और 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरी कार्रवाई में प्रधान आरक्षक ललित साहू, आरक्षक दिनेश कुमार साहू और स्टाफ की विशेष भूमिका रही। दुर्ग पुलिस की अपील- पुलिस ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि कहीं भी नशे का अवैध कारोबार हो रहा हो, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा

# लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-कलेक्टर

### वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति के निर्देश, निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई के लिए रहें तैयार

**ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया**





**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागों में लंबित प्रत्येक प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है और इनके निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि लंबित मामलों को सहजता से लेने की प्रवृत्ति पर तत्काल अंकुश लगाया जाए तथा प्रकरणों के निराकरण में जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने बैठक में समय-सीमा के अंतर्गत कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, विभिन्न विभागीय पोर्टल एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार एक ही विषय से संबंधित शिकायतें आना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है, अत: अधिकारी गंभीरता से कार्य करें।

## वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले लक्ष्य पूर्ति पर विशेष जोर

बैठक में कलेक्टर ने विभागीय वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की कगार पर है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राथमिकता तय करें और शीघ्रता से लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि बजट के समुचित उपयोग के साथ योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुँचना चाहिए।

## अनाधिकृत अनुपस्थिति पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली की समीक्षा करते हुए अनियमित उपस्थिति वाले अधिकारी-कर्मचारियों को चेतावनी जारी की और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## समय-सीमा बैठक के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

कलेक्टर ने समय-समय पर शासकीय कार्यों के उद्देश्य से दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी इन निर्देशों का पालन पूर्ण जवाबदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर निर्देशों की अवहेलना या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कर्तव्य निर्वहन गंभीरता से करते हुए विभागीय कार्यों का समयबद्ध संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

# गुर्रा स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव



**भाटापारा।** ग्राम गुर्रा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य एवं देशभक्ति से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। साथ ही शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान का केंद्र नहीं होता बल्कि यह वह पवित्र स्थल है जहाँ बच्चों के जीवन का निर्माण होता है। शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और संस्कृति का समन्वय ही सशक्त समाज की नींव रखता है। आज के इस प्रतिभा कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ यह दशार्ती हैं कि हमारे बच्चे बहुआयामी प्रतिभाओं से परिपूर्ण हैं। उक्त कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, जनपद सदस्य किरण सोनवानी, सरपंच गंगा ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ,पूर्व सरपंच शंकर जायसवाल, प्रदीप अनंत, गोवर्धन ध्रुव, गौवेलाल सोनवानी, एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# निधन श्रीमती दसोदा देवी



**भाटापारा/** श्रीमती दशोदा देवी शर्मा पति मंगलप्रसाद शर्मा का निधन 25 जनवरी को हुआ। वे 97 वर्षीय दशोदा देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। वे वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा (पूर्व मंडी अध्यक्ष) जितेन्द्र शर्मा और ममता मिश्रा की माताजी थी। जिनकी अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## वृक्ष,पर्वत,नदियों व राष्ट्र के प्रति देवतुल्य भाव रखे

# प्रेम बदले प्रेम व्यवहार, अकारण प्रेम सिर्फ माता पिता करते है - पंडित हरगोपाल शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** गीताबाई अग्रवाल एवं समस्त गर्ग परिवार द्वारा छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा ने भगवान के दिव्यादि दिव्य चरित्रों की पावन कथा को बड़े ही सुन्दर ढंग से बताया भागवत पुराण के विषय में उन्होंने कहा जैसे क्षेत्रों में काशी, बहने वालों में गंगा,देवताओं में कृष्ण व वैष्णवों में शंकर श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ है भागवत पुराणों का तिलक व विशुद्ध प्रेम शास्त्र है जिसके आश्रय से व्यक्ति की समस्त कामनाओं की पूर्ति होती है । उन्होंने बताया हमसे अनजाने में प्रतिदिन कुछ पाप हो जाते है उसके लिए हमें रोज गौ ग्रास , अग्नि को भोजन, चींटी को आटा,पक्षियों को अन्न व अतिथि का सत्कार करना चाहिए इन पांच प्रकार के यज्ञ से हमें उसका दोष नहीं लगता । गज व ग्राह की कथा हमे संदेश देती है कि इस संसार में कोई किसी का नहीं सारे रिश्ते सिर्फ स्वार्थ के है इसलिए व्यक्ति को सदैव भगवान का स्मरण बना रहना चाहिए ।राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा को बड़े ही सुन्दर ढंग से सुनाते हुए कहा कि सूर्यवंश व चन्द्रवंश की ये विशेषता रही कि सूर्यवंश में सूर्य से लेकर दशरथ तक





अधिकांश राजाओं ने यज्ञ किया तभी उनके पुत्र हुआ चंद्रवंश में चंद्रमा से लेकर भगवान द्वारकानाथ व उनके पुत्रों का विवाह राजी से नहीं हुआ उसमें झगड़ा जरूर हुआ ।जब जब इस धरा में पाप की वृद्धि होती है तब तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित हो पापियों का नाश कर इस धरा पर पुन:धर्म की स्थापना करते है ।कृष्ण जन्म पर श्रद्धालु गण नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, लाला जनम सुन आई यशोदा दे दो बधाई व अन्य भजनों पर झूमते नाचते रहे भगवान के बाल चरित्रों के साथ ही गोवर्धन पूजन पर उन्होंने कहा कि भगवान ने इंद्र की पूजा बंद करा पर्वत की पूजा करा हमें प्रकृति के पूजन का संदेश दिया उन्होंने कहा कि हमे वृक्ष,पर्वत,नदियों,तालाबों का संरक्षण करना चाहिए व इनके प्रति देवतुल्य भाव रखना चाहिए । महारास के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने काम को जीतने के लिए ही महारास किया और यह स्त्री और पुरुष का नहीं जीव व जीवात्मा का मिलन था जैसे नन्हा शिशु अपनी ही परछाई से क्रीड़ा करता है वैसे ही भगवान ने गोपियों के साथ दिव्य रास किया गोपियों ने कहा प्रभु संसार में तीन तरह के लोग रहते है पहले जो प्रेम के बदले प्रेम करते है दूसरे वो जो अकारण प्रेम करते है और तीसरे जो किसी से प्रेम नहीं करते तब भगवान ने कहा जो प्रेम के बदले प्रेम व्यवहार ,अकारण प्रेम सिर्फ माता पिता करते है और जो किसी से प्रेम नहीं करते वो आत्माराम, आप्तकाम अकृतग्य और गुरु द्रोही होते है ।उद्धव चरित्र पर पंडित हरगोपाल जी ने कहा बृहस्पति के परम ज्ञानी शिष्य का ज्ञान गोपियों के प्रेमभाव के आगे नतमस्तक हो गया । उद्धव प्रसंग में हम प्रेम दीवानी है वो प्रेम दीवाना, ऐ उद्धो हमे ज्ञान की पोथी ना सुनाना, भजन सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि रुक्मिणी जी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा है और लक्ष्मी का वरण नारायण ही कर सकते है अन्य कोई नहीं,रुक्मिणी विवाह के अवसर पर भाटापारा की प्रसिद्ध श्याम मित्र मंडल के भजन गायकों द्वारा गाए सुंदर सुंदर भजनों पर श्रोतागण खूब झूमते नाचते रहे । भगवान के अन्य विवाह के साथ ही सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भक्त सुदामा जी के विषय में शास्त्रों में कुछ अलग लिखा है लोग बताते कुछ और है सुदामा जी



को कहीं भी दरिद्र नहीं कहा और ना ही उन्होंने कभी भिक्षा मांगी, गरीब होना अलग बात है दरिद्र होना अलग, संसार जिस त्रिलोकी के नाथ के पीछे भागता है लक्ष्मी जिनके चरणों की दासी है वही त्रिलोकी के नाथ सुदामा जी के आगमन का समाचार सुन नंगे पैर उनके स्वागत लिए दौड़ पड़े व उनके चरणों को धोया था । उद्धव गोपी संवाद ,दत्तात्रेय जी के चौबीस गुरु बनाने के प्रसंग व भगवान के स्वाधाम गमन की कथा को बड़े ही विस्तार से बताया अंत में सुकदेव जी की बिदाई ,परीक्षित मोक्ष एवं कलियुग के लक्षण को सुनाया पंडित जी ने उपस्थित जनसमुदाय से धर्म के साथ ही राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से निभाने की अपील करते हुए देश भक्ति के गीत हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए,दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए गाकर कथा को विश्राम दिया। कथा स्थल में पहुंच सैकड़ों लोगों ने कथा का लाभ लिया।

# सक्ती ज़िले में विराट सोनार सम्मेलन ,स्वर्णकला बोर्ड गठन की मांग सोनार समाज द्वारा

**सक्ती।** दिनांक 01 फ़रवरी 2026 को सक्ती ज़िले में सोनार समाज स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री निर्विकार वर्मा सोनी जी (DIG, SECL) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनिल सोनी जी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष श्री मनहरण लाल सोनी जी ने की।






विशेष अतिथि के रूप में श्री शिरीष सोनी जी (समाजसेवी, रायपुर), श्री संजीव कुमार सोनी (राष्ट्रीय सचिव), युवा राष्ट्रीय महासचिव श्री निखिल सोनी, श्री अवनीश कुमार शेखर सोनी, श्री ध्रुव सोनी (सचिव, सक्ती) उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष श्री विद्याशंकर सोनी ने बताया कि सक्ती ज़िले में प्रदेश स्तरीय सोनार समाज स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

अपने उद्बोधन में श्री निर्विकार वर्मा जी ने कहा कि विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा सोनार समाज के अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में चयनित होना चाहिए। उन्होंने बताया कि OBC वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है, जिसका समाज को पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। श्री ध्रुव सोनी एवं श्री अवनीश कुमार ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। राष्ट्रीय सचिव श्री संजीव कुमार सोनी ने अपने उद्बोधन में सभी समाजजनों को माघी पूर्णिमा



की शुभकामनाएँ दीं तथा बालक भगवान अजमीढ देव की जयकारा से कार्यक्रम को प्रेरित किया। उन्होंने समाजजनों से पच परिवार परिवर्तन, ट्रैफिक नियमों का पालन, नागरिक अनुशासन, वृक्षारोपण, प्लास्टिक त्याग तथा सोनार समाज के ज्वलंत मुद्दे स्वर्णकला बोर्ड के गठन हेतु शासन से शीघ्र कार्रवाई की माँग की। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में पूर्व में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी द्वारा सोनार समाज से घोषणा की गई थी। स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने हेतु समाजसेवी श्री संतोष सोनी ने शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग देने की बात कही एवं युवा संवाद पर विशेष जोर दिया।इस सम्मेलन में धमतरी, सक्ती एवं रायगढ़ से सोनार समाज के हजारों की संख्या में बच्चे, महिलाएँ एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं–12वीं, खेल एवं नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन**

श्री विजय कुमार सोनी, परमेश्वर स्वर्णकार, नितिन सोनी, कमलेश्वर सोनी, संतोष सोनी एवं दुश्यंत सोनी द्वारा किया गया तथा सभी अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### रामकथा की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया

# ग्राम सैगोना में भव्य नवधा रामायण समारोह, 80 मानस मंडलियों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुतियां

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम सैगोना में श्री अखंड नवधा रामायण समारोह 2026 के अंतर्गत आयोजित मानस मंडली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 80 मानस मंडलियों ने सहभागिता की और रामकथा की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिमय हो गया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान जय मां सरस्वती मानस मंडली, कांपा (सरोदा बांध) ने प्राप्त किया। उन्हें स्व. घासीराम जायसवाल की स्मृति में दानदाता पुत्र राजेश जायसवाल (शिक्षक) द्वारा 7001 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान सुर संगम मानस मंडली, मोहभट्ठा (साजा) को मिला। यह पुरस्कार स्व. नरसिंग सिन्हा की स्मृति में दानदाता पुत्र रमेश सिन्हा (जय पाटेश्वर राइस मिल) द्वारा 6001 रुपये का दिया गया। तृतीय स्थान नैनतारा सुरदास मानस मंडली, खपरी कला (तिल्दा) ने प्राप्त किया। उन्हें दानदाता दाऊ भरतलाल सिन्हा एवं श्रीमती रामबती सिन्हा (पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत सैगोना) द्वारा 5501 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। चतुर्थ स्थान जय सरस्वती महिला मानस मंडली, कठिया (रांका) को मिला। यह पुरस्कार स्व. अनिल सिन्हा की स्मृति में दानदाता केवल सिन्हा (जय मोबाइल पॉइंट, सैगोना) द्वारा 4501 रुपये का दिया गया। पंचम स्थान लक्ष्मी मानस मंडली, कवर्धा ने प्राप्त किया। यह पुरस्कार स्व. जयसिंग एवं स्व. खेदिया बाई की स्मृति में दानदाता पुत्र पवन सिन्हा एवं राजकुमार सिन्हा द्वारा 4001 रुपये का प्रदान किया गया। समारोह के दौरान प्रतियोगिता में शामिल सभी मानस मंडलियों को विशेष धार्मिक भेंट भी दी गई। कैलाश सिन्हा द्वारा श्री रामचरितमानस, राधा रानी नित्या द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता, अशोक जायसवाल द्वारा शील्ड, आदित्य कलेक्शन द्वारा साल तथा सिन्हा मिनी राइस मिल द्वारा श्री राम दरबार का आकर्षक फोटो भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। आयोजन समिति ने सभी विजेता एवं सहभागी मानस मंडलियों को बधाई देते हुए दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बताया। कार्यक्रम ने ग्राम सैगोना में धार्मिक व सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की।



## दोनों छात्रावासों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



**भाटापारा।** गत दिनों तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास में पृथक-पृथक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर छात्राओं व महिलाओं क ो उनके अधिकार, साइबर अपराध व कानून की जानकारी दी गई। शिविर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार लाल, तथा , व्यवहार न्यायाधीश अंकिता अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों न्यायाधीशों द्वारा छात्रावास में निवासरत बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं के विशेष अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, मोटरयान अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण कानून, मानव तस्करी से संबंधित कानून तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाएं के संबंध में सरल एवं व्यवहारिक भाषा में जानकारी दी गई। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार लाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कानूनी जागरूकता आत्मरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रत्येक बालिका को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, जिससे वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध सशक्त होकर खड़ी हो सके। वहीं न्यायाधीश अंकिता अग्रवाल ने छात्राओं को विधि के क्षेत्र में भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए न्यायिक सेवाओं एवं अधिवक्ता जैसे करियर विकल्पों की जानकारी दी। शिविर में पैरा लीगल वालंटियर नरेंद्र देवांगन भी उपस्थित थे, जिन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम में दोनों छात्रावासों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, आत्मनिर्भरता विकसित करना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना रहा।

## रियल इस्पात एंड एनर्जी प्लांट को नियमों के उल्लंघन पर नोटिस जारी, एक सप्ताह में देना होगा जवाब

### संयुक्त जांच रिपोर्ट में सुरक्षा मानकों एवं एसओपी का गंभीर उल्लंघन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम बकुलाही स्थित मेसर्स रियल इस्पात एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कारखाना परिसर में 22 जनवरी 2026 को घटित भीषण औद्योगिक दुर्घटना के मामले में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच रिपोर्ट के प्रतवेदन के आधार पर कारखाना प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब एक सप्ताह में देना होगा। सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा जारी आदेशानुसार गंभीर दुर्घटना की जाँच पश्चात कारखाना प्रबंधन द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली 1962 में निहित प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में उल्लंघन पाया गया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा किल्न क्रमांक-01 का शट डाउन किए बिना संचालन जारी रखते हुए श्रमिकों एवं कारखाने के कर्मचारियों से खतरनाक स्थिति में कार्य करवाकर उनके जीवन को जोखिम में डाला गया एवं कार्यस्थल में व्यापक सुरक्षा एवं सुरक्षित कार्यप्रणालियों का उपयोग नही किया गया। कारखाना प्रबंधन द्वारा किल्न क्रमांक 01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के भीतर जमे हुए गर्म ऐश को वेटस्क्रैपर में गिराये जाने के कार्य के दौरान उचित रुप से कार्य अनुमति जारी नही किया गया एवं नवनियुक्त श्रमिकों को बिना कार्य अनुमति के डस्ट सेटलिंग चेंबर जैसे खतरनाक कार्यस्थल में नियोजित किया गया, जो कारखाना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है। कारखाना प्रबंधन द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से वाणिज्यिक उत्पादन के संबंध में अनुमति नही लिया गया जो कि उद्योग नीति के विरुद्ध है। कारखाना प्रबंधन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत श्रमिकों को वेतन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में पंजी उपलब्ध नहीं कराया गया। संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत 20 या 20 से अधिक श्रमिक होने पर उनके द्वारा ठेका श्रमिक 1973 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति लिया जाता है। जबकि उनके द्वारा कारखाना में 02 ठेकेदार होने के बाद भी 100 श्रमिक से कार्य लिए जाने पर अनुज्ञप्ति नहीं लिया गया है। अंतराज्यीय प्रवासी श्रमिक 1979 के तहत बिना अनुज्ञप्ति लिए अंतराज्यीय श्रमिक से कार्य लिया जा रहा है जो कि उक्त नियमों का उल्लंघन है। मृतको एवं घायलों को मुआवजा राशि का भुगतान- हादसे में मृत 5 श्रमिकों के परिजनों को 20 -20 लाख रुपये एवं 6 घायल श्रमिकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा राशि का भुगतान कारखाना प्रबंधन द्वारा कर दिया गया है। घायल श्रमिकों का उपचार बिलासपुर में किया जा रहा है। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2026 को प्रातः लगभग 9.40 बजे उक्त फैक्ट्री के किल्न क्रमांक-01 के डस्ट सेटलिंग चेंबर के द्वितीय तल में कार्य के दौरान अचानक विस्फोट एवं गर्म ऐश की बौछार होने से 6 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जब कि 5 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच उपरांत कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के अंतर्गत किल्न क्रमांक-01 के संचालन एवं समस्त मेंटेनेंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# शतचंडी महायज्ञ के समापन पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम सुतिया पाठ में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य समापन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। दंडी स्वामी ज्योतिरामानंद जी के पावन सानिध्य में संपन्न श्री चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं महाआरती में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने दंडी स्वामी ज्योतिरामानंद जी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा ऊपर पहाड़ी पर विराजित माता के दर्शन में श्रद्धालुओं को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए सड़क मरम्मत हेतु 15 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।

इस पावन आयोजन में 6 महिला स्व-सहायता समूहों की लगभग 50 महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा दंडी स्वामी ज्योतिरामानंद जी से भेंट कर सहयोग राशि भी भेंट की। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि शतचंडी यज्ञ अत्यंत शक्तिशाली यज्ञ है, जिससे भक्तों को स्वास्थ्य, धन, सफलता के साथ-साथ पारिवारिक सुख और शत्रुओं पर विजय की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से मानव का मन और भावनाएं पवित्र होती हैं तथा अच्छे कर्म करना और दूसरों की भलाई करना ही सच्चा धर्म है।

अंत में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति संयोजक अनिल सिंघानिया हिंगलाज सेवा समिति ग्राम बामी अध्यक्ष पुश लाल साहू, बालू जंघेल ,रेखा शर्मा, अगहन साहू सरपंच, गोपाल नेताम, चैन सिंग साहू ,गोविंद साहू, गोकुल जांघेल ,जलेश्वर वर्मा, प्रताप साहू मोतीपुर सरपंच, संतोष साहू , साहेब लाल साहू सरपंच, ईश्वरी साहू जिला अध्यक्ष ,लाला साहू मंडल अध्यक्ष, परदेसी पटेल विधायक प्रतिनिधि ,जलेश्वर वर्मा महामंत्री, भूखन साहू जिला पंचायत प्रतिनिधि के ग्रामवासी व क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजन सफल रहा।

# रामचरितमानस सम्मेलन में शामिल हुए विधायक ईश्वर साहू



**थान खमरिया।** थान खमरिया नगर के वार्ड क्रमांक 7 पटेल पारा में तीन दिवसीय रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल से लगभग 40 मानस मंडलियों ने भाग लेकर अपनी प्रस्तुतियां दीं। सभी मंडलियों को आयोजन समिति की ओर से श्रीफल, दुपट्टा एवं सम्मान राशि भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर साजा विधायक श्री ईश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पटेल समाज द्वारा ऐसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित करना आवश्यक है। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रभु श्री राम की कथा सुनने से जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है और मानव जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जनमानस को आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जोशी, विधायक प्रतिनिधि श्री चंदन अग्रवाल, जिला महामंत्री श्री राजेश ठाकुर, श्री अनिल सिंघानिया, श्री दौलतनाथ योगी, श्री आदर्श जोशी, श्री शरद कुंभकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री सूरजपाल, पार्षद श्री नरेश पाटिल, पार्षद श्री ऋषि तिवारी, पार्षद श्री पारस योगी, श्री सोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री जयकरण पटेल द्वारा किया गया।

# ट्रेन में यात्रा के दौरान बुजुर्ग की अटैक से मौत

## ट्रेन रोककर अस्पताल ले जाया गया, डाक्टरों ने मृत घोषित किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** बिलासपुर से अकोला जा रहे एक बुजुर्ग की यात्रा के दौरान अटैक आ गया,भाटापारा में ट्रेन का स्टॉपिज नहीं होने के बावजूद उक्त यात्री को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जी आर पी ने आवश्यक कार्यवाही पश्चात शव को उनके परिजनों को सौंप कर आगे की कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को ट्रेन नम्बर 22940 बिलासपुर हापा एक्सप्रेस से बिलासपुर से अकोला कोच नम्बर बी 2 सीट नंबर 69 में बैठकर जा रहे नरेंद्र तेजानी उम्र 70 वर्ष निवासी टिकरापारा बिलासपुर को बिलासपुर से ट्रेन के रवाना होने के बाद अटैक आ गया। ट्रेन में अन्य यात्रियों ने उन्हें पंपिंग दी और ऑन ड्यूटी टी टी को उनके अचेत होने की सूचना दी। टी टी ई ने यात्री की स्थिति को देखते हुए तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और सीनियर अधिकारियों ने भाटापारा में उक्त ट्रेन का स्टॉपेज नहीं होने के बावजूद उक्त ट्रेन को भाटापारा में रोकने स्टेशन मैनेजर अजय कुमार को निर्देशित किया तुरंत चिकित्सा सेवा का निर्देश दिया। ट्रेन को भाटापारा में रोक कर उक्त यात्री को उतार कर तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना की सूचना उनके परिजनों को मिलने पर वे भाटापारा पहुंचे जहां जी आर पी में आवश्यक कार्यवाही पश्चात उनका शव उनके परिजनों को सौंप कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# पालिका अध्यक्ष ने जैन मुनियों का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया



**भाटापारा।** भाटापारा नगर में जैन समाज के श्री विशुद्धसागर महाराज तथा श्रमण मुनि सुयश सागर महाराज के आगमन के अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने श्रद्धापूर्ण भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त अवसर पर अश्वनी शर्मा ने कहा कि जैन समाज के संत-मुनि बिना चरण पादुका के हजारों मील पैदल यात्रा करते हैं। खान-पान का संयम रखकर मानव समाज के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म एक ऐसा धर्म है जहां पर गलतियों को स्वीकार करने और क्षमा मांगने की महान परंपरा है। शर्मा ने आगे कहा कि माँ अन्नपूर्णा की पुण्य भूमि भाटापारा में पधारे संतों के चरणों को शत-शत नमन करता हूं। छत्तीसगढ़ को उनका आशीर्वाद हमेशा से मिलते रहा है, मैं ऐसी कामना करता हूं कि उनके आशीर्वाद से हमारे नगर सहित प्रदेश में खुशहाली आए हर घर में सुख-समृद्धि रहे। उक्त मौके पर सतीश तलरेजा ,कुंजराम कोशले , श्रेणिक गोलछा,सुरेश बब्बू मंधान ,नंदकिशोर वैष्णव ,लक्ष्मीकांत टंडन, प्रकाश मोदी ,अभिषेक टाटिया ,अभिषेक मोदी ,बल्लू जैन एवं जैन समाज के जोग बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

जनरल स्टोर्स से चोरी की वारदात का खुलासा

# 8,921 नगद सहित दो आरोपी गिरफ्तार, थाना खम्हरिया पुलिस की कार्रवाई

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थाना खम्हरिया।** पुलिस ने जनरल स्टोर्स एवं फैसी दुकान से चोरी गई नगदी राशि के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 8,921 की रकम बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ऋषि अग्रवाल (56 वर्ष), निवासी थानखम्हरिया ने थाना खम्हरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 30 जनवरी 2026 की रात लगभग 8 बजे वह अपनी जनरल स्टोर्स एवं फैसी दुकान बंद कर नगदी रकम गल्ले में रखकर घर के सामने एवं पीछे का दरवाजा बंद कर परिवार सहित सो गया था। अगले दिन 31 जनवरी 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे दुकान खोलने पर गल्ले में रखी लगभग 8 से 9 हजार रुपये की नगदी गायब मिली।



प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खम्हरिया में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(ए), 331(4), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव एवं एसडीओपी बेमेतरा श्री भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही विश्वनाथ विश्वकर्मा एवं विक्रम धुर्वे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई नगदी राशि 8,921 बरामद कर जब्त की गई।

आरोपी

विश्वनाथ विश्वकर्मा (23 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 10, थानखम्हरिया

विक्रम धुर्वे (23 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 09, थानखम्हरिया

दोनों आरोपियों को 31 जनवरी 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सहायक उप निरीक्षक कृष्णा क्षत्री, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक बलदेव निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, अशरफी खान सहित थाना खम्हरिया पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# माघ पूर्णिमा पर जमात मंदिर में हरी नाम संकीर्तन, नगर में छाया भक्तिमय वातावरण

**थान खमरिया।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के राधा-कृष्ण जमात मंदिर में श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वाधान में स्व-सहायता महिला समूह एवं दंतेश्वरी महिला मानस मंडली द्वारा भजन-कीर्तन एवं हरी नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने भगवान शिव एवं भगवान श्रीकृष्ण की महिमा से जुड़े भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे संपूर्ण परिसर एवं नगर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित हो गया। अखंड कीर्तन के दौरान ढोलक, झाल और मंजीरों की मधुर धुन पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन का आनंद लिया। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए सुंदर स्वर में सामूहिक भजन-कीर्तन किया। इस अवसर पर संयोजक अनिल सिंघानिया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में भाईचारे, सद्भावना एवं आध्यात्मिक शांति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन करने का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महंत वसंत बिहारी दास, गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, मीना नामदेव, संतोषी कुंभकार, ममता यादव, सरोज सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बजट 2026-27 पर पूर्व विधायक लाभचंद बाफना का बड़ा बयान

**साजा।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए साजा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने इसे "ऐतिहासिक और जन-कल्याणकारी" करार दिया है। बाफना जी ने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग, विशेषकर मध्यम वर्ग और किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। बाफना जी ने बताया कि आयकर की सीमा में छूट मिलने से नौकरीपेशा लोगों के पास अब अधिक बचत होगी, जिससे आम आदमी का जीवन सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, उसका सीधा लाभ हमारे साजा क्षेत्र जैसे ग्रामीण इलाकों को मिलेगा। बजट में स्टार्टअप्स और कौशल विकास पर जोर देने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। 'पीएम सूर्य घर योजना' के विस्तार से अब गांवों में भी लोग मुफ्त बिजली का लाभ उठा सकेंगे। "यह बजट 'विकसित भारत' की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने जिस तरह से गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को प्राथमिकता दी है, वह वंदनीय है। हमारा साजा क्षेत्र भी विकास की इस मुख्यधारा से जुड़कर और तेजी से आगे बढ़ेगा।"



# भाजपा कार्यकर्ता के जन्मदिन समारोह में शामिल हुए विधायक ईश्वर साहू

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** भारतीय जनता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य श्री चंद्रशेखर राजपूत का जन्मदिन स्थानीय विश्रामगृह में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर साजा विधायक श्री ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित होकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

विधायक श्री ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि श्री चंद्रशेखर राजपूत लंबे समय से जनसेवा की राजनीति से जुड़े हुए हैं और संकट के समय वे हमेशा आम जनता के साथ खड़े नजर आए हैं, चाहे वह स्वास्थ्य से जुड़ा विषय हो या सामाजिक पीड़ा का मामला। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित कार्यकर्ता संगठन की शक्ति होते हैं। विधायक ने श्री राजपूत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा की कामना की।



जन्मदिन समारोह के अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने भी श्री चंद्रशेखर राजपूत को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके सामाजिक व राजनीतिक योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री श्री राजेश ठाकुर, जिला मंत्री श्री सुरेश सिंघानिया, श्रीमती नमिता सिन्हा, जनपद अध्यक्ष श्री जितेंद्र साहू, श्री राजेश सिंघानिया, श्री ज्वाला सिंह राजपूत, श्री मनोहर साहू, जनपद सदस्य श्री रवि निषाद, श्री हेमंत साहू, सरपंच श्री ओमान साहू, श्री हरदत साहू, श्री देवेंद्र वैष्णव, श्री गोलू चित्रण साहू, श्री पुन्नी तोरण यादव, श्री मनोज धुर्वे, श्री आदर्श जोशी, श्री राजेश राजपूत, श्री उमेश सिन्हा, श्री सरवन निषाद, श्री बलराम निषाद, श्री चेतन सिन्हा, श्री दिलीप बैश, श्री संजय देवांगन, श्री मनीष सेन, श्री जलेश्वर सिन्हा, श्री कान्हा चंद्राकर, श्री शंकर चंद्राकर, श्री दुर्गेश मिश्रा एवं श्री वासु सिंह बैस सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी उपस्थितजनों ने श्री चंद्रशेखर राजपूत के उज्ज्वल भविष्य एवं सतत जनसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# "मैकल की गोद में बसती 'बैगा' संस्कृति, जहाँ हल चलाना आज भी वर्जित है"


रुपया माला - बैगा बाजार



**ब्यूरो चीफ रतन कुमार**

बैगा जनजाति छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण जनजातियों में से एक है। इन्हें 'प्रकृति का सबसे बड़ा संरक्षक' और 'जंगल का वैद्य' माना जाता है। भारत सरकार ने इन्हें 'विशेष पिछड़ी जनजाति' (PVTG) की श्रेणी में रखा है। आइए बैगा संस्कृति और उनके विशिष्ट जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझते हैं

## बैगा जनजाति- प्रकृति और परंपरा का संगम

बैगा मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के मैकल पर्वत श्रेणी (कवर्धा, मुंगेली, बिलासपुर और राजनांदगांव जिलों) में निवास करते हैं।

1. 'धरती माता' के प्रति अगाध श्रद्धा

बैगाओं की सबसे बड़ी विशेषता उनकी अपनी धरती के प्रति निष्ठा है।

हल न चलाना- बैगा पारंपरिक रूप से हल चलाना पाप मानते हैं। उनका मानना है कि हल चलाने से 'धरती माता' का सीना फट जाएगा।

बेवार खेती- वे 'बेवार' (झूम खेती या कुल्हाड़ी की खेती) करते हैं। वे केवल उन्हीं बीजों को बोते हैं जो बिना धरती को गहरे खोदे उग सकें।

**2. औषधीय ज्ञान- जंगल के 'बैगा' (वैद्य)**

'बैगा' शब्द का एक अर्थ 'पुरोहित' या 'वैद्य' भी होता है।

वे जड़ी-बूटियों के प्रकांड विद्वान होते हैं।

आज के आधुनिक युग में भी, बस्तर और मैकल के जंगलों में रहने वाले बैगा असाध्य रोगों का इलाज स्थानीय वनस्पतियों से करने की क्षमता रखते हैं।

**3. गोदना प्रिय संस्कृति (Tattoo Culture)**

बैगा जनजाति में गोदना (Tattoo) का अत्यधिक महत्व है, विशेषकर महिलाओं में। बैगा महिलाओं को दुनिया की सबसे अधिक गोदना प्रिय महिलाएँ माना जाता है। उनके लिए गोदना केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि एक स्थायी आभूषण है जो मृत्यु के बाद भी उनके साथ जाता है। शरीर के अलग-अलग अंगों पर विशिष्ट आकृतियाँ (जैसे माथे पर 'V' आकार) इनकी पहचान होती है।

**4. सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन**

**खान-पान:** इनका मुख्य भोजन 'पेज' (चावल या कोदो-कुटकी का मांड) है। वे मोटे अनाज जैसे कोदो और कुटकी को बड़े चाव से खाते हैं।

**नृत्य:** 'कर्मा' इनका सबसे प्रसिद्ध लोक नृत्य है। इसके अलावा 'परघौनी' (विवाह के समय) और 'दशहरा' नृत्य भी काफी लोकप्रिय हैं।

**विवाह:** इनमें 'उढ़रिया' (सह-पलायन) और 'लम्सना' (सेवा विवाह) जैसी प्रथाएं प्रचलित हैं।

## धार्मिक मान्यताएं

*बैगाओं के मुख्य देवता 'बूढ़ादेव' हैं, जिनका निवास 'साजा' के वृक्ष में माना जाता है। इसके अतिरिक्त वे 'ठाकुर देव' (भूमि के देवता) और 'दूल्हा देव' की भी पूजा करते हैं।*

## बैगा जनजाति की वर्तमान स्थिति

**हालांकि आधुनिकता के कारण इनकी जीवनशैली में बदलाव आया है, लेकिन सरकार द्वारा इन्हें 'बैगा ओलंपिक' जैसे आयोजनों के माध्यम से अपनी पहचान बचाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इनके पास मौजूद पारंपरिक ज्ञान (Traditional Knowledge) को आज वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है।**



# आत्मानंद स्कूल को विधायक इन्द्र साव ने 10 लाख रूपये देने की घोषणा की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन कांग्रेस विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी कला का अद्भुत नजारा पेश करते हुए उपस्थित लोगों को ताली बजवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं रंगमंच निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की व कहा कि इस संस्था के शिक्षक जिस समर्पण भाव और निष्ठा से बच्चों को शिक्षित कर रहे है ये उन्हीं के द्वारा गढ़े गए बच्चे हैं जो मंच पर इतनी अच्छी प्रतिभा को प्रस्तुत कर रहे है ,जो काफी प्रशंसनीय कार्य है। साव ने कहा कि अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन यदि इसी प्रकार विद्यार्थियों को मिलता रहे तो निश्चित रूप से यहाँ के छात्र अपने संस्था नगर का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वार्षिक उत्सव केवल मनोरंजन नहीं बल्कि बच्चों की बहुआयामी व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। किताबी ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ में उनमें नेतृत्व क्षमता का संचार होता है । विधायक इंद्र साव ने संस्था के प्राचार्य अशोक सिंह परिहार की मांग पर विद्यालय के लिए 5 अतिरिक्त कक्षाओ के निर्माण, स्पोर्ट्स सुविधा के लिए आश्वस्त किया तथा रंगमंच हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# मारवाड़ी युवा मंच द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा के तत्वावधान में गत दिनों कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्रावास की बालिकाओं हेतु स्वास्थ्य जांच एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उन्हें जूस, कॉपी एवं पेन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्यामा पटेल, एसडीएम उपस्थित थी जिन्हें मंच द्वारा ससम्मान स्मृति चिन्ह ज़ेंट किया गया। एसडीएम ने छात्राओं से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं दैनिक समस्याओं के संबंध में संवाद किया तथा नवीन पदस्थ अधीक्षिका श्रद्धा अग्रवाल के साथ छात्रावास परिसर का निरीक्षण भी किया। सत्यनारायण पटेल एवं मुंबई से पधारे साठे कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने छात्राओं को रामायण की चौपाइयों के माध्यम से विद्या एवं संस्कार का महत्व समझाया। उन्होंने बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर अपनी मंजिल प्राप्त करने का मार्गदर्शन दिया। उपरोक्त कार्यक्रम में कैलाश बंसल, भावेश अग्रवाल, बीईओ भास्कर देवांगन, मुकेश देवांगन, कुंजराम कोशले, बंटी टंडन, आशीष टोडर सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

# टोहड़ीघाट शिवनाथ नदी जल अधिग्रहण क्षेत्र में सुरक्षा जरूरी

चार दीवारी के अभाव में शराबखोरी व मास मटन पकाने वाले सक्रिय

**भाटापारा।** शहर से 4 किलोमीटर दुर उत्तर दिशा में बहने वाली शिवनाथ नदी टोहड़ीघाट में इन दिनों मास मदिरा का सेवन करने वाले तत्वों का बड़े पैमाने पर जमावड़ा होने से संवेदनशील स्थान टोहड़ीघाट जल अधिग्रहण क्षेत्र में एक बार फिर लोगो ने चार दीवारी सुरक्षा घेरा बनाकर वहां पर शराबखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ साथ मुर्गा , मटन पकाने जैसे कृत्यो पर रोक लगाने की मांग की है यह विदित रहे कि टोहड़ीघाट स्थित जल अधिग्रहण क्षेत्र शिवनाथ नदी से भाटापारा शहर वासियों को एक लंबे समय से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है । पूर्व की तुलना में शिवनाथ नदी के किनारे विभिन्न शहर व कस्बो के अलावा भाटापारा क्षेत्र के एक बड़े हिस्से जो शिवनाथ नदी के क्षेत्र में आते है वहां पर बड़े पैमाने पर औद्योगिक संस्थानों का प्रदुषित जल तथा विभिन्न ईट भट्ठो का राखड़ प्रवाहित हो रहा है वहीं भाटापारा शहर के शहरी सीमा के आगे तेजी से बन रहे नई - नई रहवासी कॉलोनियो का गंदा जल नाली नालो के माध्यम से शिवनाथ नदी में जाकर मिल रहा है जिससे शिवनाथ नदी का जल प्रदुषण का शिकार है । लोग अंधाधुंध विकास की राह में शिवनाथ नदी के जल को प्रदुषित कर जन जीवन से खिलवाड़ कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

# जी.एन.ए. महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान का आयोजन



**भाटापारा ।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशा मुक्ति संकल्प एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता करते हुए नशापान से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली तथा संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशापान से होने वाले मानसिक असंतुलन, शारीरिक क्षति, कार्यक्षमता में कमी, सामाजिक प्रतिष्ठा के ह्रास एवं पारिवारिक जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सकारात्मक एवं मूल्यनिष्ठ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि नशापान व्यक्ति के व्यक्तित्व, स्वास्थ्य और भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है तथा एक सज्य और सशक्त समाज के निर्माण में बाधक है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक पहल करना रहा।

# नवधा रामायण हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है -अश्वनी शर्मा



**भाटापारा।** ग्राम सेमरिया घाट में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण समारोह में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने उपस्थित होकर वहां पुजा अर्चना की इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राकृतिक स्थल शिवनाथ नदी के किनारे स्थित सेमरिया घाट में नवधा रामायण समारोह का आयोजन होना निश्चित ही हमे सत्य , धर्म और कर्तव्य के साथ प्रेरणा देने वाले भगवान राम के रामकथा को नवधा रामायण के रूप में स्मरण करने के साथ साथ समाज व गांव में धार्मिक विचारो को बढ़ावा देता है। उन्होंने गांव में सुख शांति व समृद्धि के लिए इस प्रकार के आयोजन को आवश्यक बताते हुए कहा कि गांव का विकास सामाजिक बुराई खासकर शराब व नशाखोरी से दुर रहकर बेहतर ढंग से किया जा सकता है। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या मे ग्रामवासी मौजुद थे।

# गोढ़ी स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न



**भाटापारा।** ग्राम गोढ़ी टोपा में स्थित हायर सेकण्डरी एवं प्राथमिक शाला में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया । उक्त अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित होते हुए कहा कि अध्ययन , अध्यापन के साथ साथ स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन भी छात्र छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त माध्यम बनता है इस मंच से ही प्रतिभाओ को आगे बढने का मौका मिलाता है । इस दौरान उन्होनें उपस्थित छात्र छात्राओं को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाते हुए अध्ययन के क्षेत्र में ध्यान देकर अपना भविष्य बनाने के लिए उन्होनें कहा उपरोक्त अवसर पर स्कूल स्टाफ के साथ साथ बड़ी तादाद में पालक व ग्रामवासी मौजुद थे।

# मंडी में 38 दिनों से धान की आवक नहीं, जनवरी में बोहनी तक नहीं हुई

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**बालोद।** जिले के 143 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में सन्नाटा पसरा हुआ है। मंगलवार को धान की आवक नहीं होने से वीरानी का आलम रहा। मंडी प्रबंधन का तर्क है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद बचे उपज को किसान वर्तमान में कोचियों के पास बेच रहें है। इसलिए यहां सन्नाटा पसरा हुआ है। नवंबर से दिसंबर तक कम किसान धान बेचने के लिए पहुंचे थे। जबकि जनवरी में एक भी किसान यहां धान बेचने नहीं पहुंचे।

बोहनी तक नहीं हो पाई। प्रबंधन के अनुसार नवंबर माह में सिर्फ एक ही दिन 10 तारीख को 362 क्विंटल धान खरीदी हुई थी। जिसके बाद दिसंबर में 27 तारीख को 292 क्विंटल धान खरीदी हुई। जिसके बाद से अब तक 38 दिन से खरीदी नहीं हुई है। यह स्थिति तब है, जब 30 जनवरी से सोसाइटियों में समर्थन मूल्य पर खरीदी का सिलसिला समाप्त हो चुका है। पहले अनुमान लगा रहे थे कि खरीदी केंद्रों में धान बेचने के बाद किसान मंडी पहुंचेंगे लेकिन स्थिति विपरित है। छोटे व बड़े व्यापारी के पास किसान धान बेच रहें है। इस वजह से कृषि उपज मंडी में सन्नाटा पसरा हुआ है।

समर्थन मूल्य की तुलना में मंडी में धान का दाम कम समर्थन मूल्य की तुलना में मंडी में धान का दाम कम है। खरीफ सीजन में सरकार से तय समर्थन मूल्य पर सोसायटियों में खरीदी होती है। इस वजह से यहां धान की आवक कम होती है। इस साल अप्रैल 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक मंडी में 63 हजार 218 क्विंटल धान खरीदी हुई है। मंडी प्रबंधन के अनुसार नवंबर व दिसंबर में जब दो दिन धान खरीदी हुई थी, तब क्वालिटी अनुसार आरबी गोल्ड धान प्रति क्विंटल 2000 से 2087 रुपए, आईआर 1818 से 1987 रुपए, सरना व अन्य किस्म के धान प्रति क्विंटल 1800 से 2055 रुपए तक बिका।

प्रति एकड़ खरीदी लिमिट तय होते ही आवक घटी सोसायटियों में धान बेचने के बाद उपज बचने की स्थिति में किसान मंडी पहुंच सकते है। सरकार ने जब से सोसायटियों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी का निर्णय लिया है, तब से मंडी में धान की आवक कम हो रही है। हालांकि आगे धान की आवक होने का अनुमान है क्योंकि सहकारी केंद्रों में खरीदी बंद हो चुकी है। प्रबंधन का तर्क है कि खरीफ सीजन में प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से सहकारी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होती है। ऐसे में अधिकांश किसान पूरी उपज को सहकारी केंद्र में बेचते है। जिसके चलते मंडी में आवक कम होती है।

# संघ ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आने प्रेरित किया

ब्यूरो चीफ रतन कुमार




भिलाई। भिलाई-3 स्थित रुख्मणी पैलेस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का युवा संगम 2026 कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी एवं वर्तमान में छग राज्य फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री में महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ सुशील द्विवेदी थे। उन्होंने उपस्थित युवाओं को राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों, जिम्मेदारियों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत संघ संचालक टोपलाल वर्मा ने युवाओं को आरएसएस के शताब्दी वर्ष के बारे में और उसके कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी। साथ ही युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर कार्यवाहक मुकेश साहू, जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख विनोद देवांगन, नगर सह कार्यवाहक प्रदीप वर्मा द्वारा किया गया। संचालन नगर बौद्धिक प्रमुख हरिकेशव डड़सेना ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# बालोद में तेज रफ्तार कार पलटी पति की मौत माँ और बेटी फसी

ब्यूरो चीफ रतन कुमार





बालोद।घटना बालोद के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र की है। जहां तेज रफ्तार कार कुत्ते को बचाने के चक्कर में पलट गई। दरअसल, भूपेंद्र गुप्ता (42) देवरी पासौद के रहने वाले थे और किराना दुकान चलाते थे। जबकि पत्नी मुक्त गुप्ता (37) राघोनावागांव स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। सोमवार (2 फरवरी) को दंपती अपने दो बच्चों के साथ बालोद में एक परिजन के घर गए हुए थे। मंगलवार (3 फरवरी) सुबह सभी घर देवरी पासौद लौट रहे थे। इस दौरान डौंडीलोहारा ब्लॉक मुख्यालय से 4 किमी दूर संबलपुर नर्सरी के पास सड़क पर एक कुत्ता आ गया।

## पति की मौके पर मौत

कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पलट गई। जिससे व्यापारी भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार लॉक हो गई। ऐसे में घायल अवस्था में मां और बच्चे कार में फंसे रहे। शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया

मौके पर पहुंचे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने कार का शीशा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और फौरन पास में अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों का घायलों का इलाज जारी है। इधर, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# NSUI नेताओं ने युवक को लात-घूंसों से पीटकर मार-डाला, पैसे नहीं लौटाए तो रास्ते से उठाया, कार से होटल ले गए, बंधक बनाकर पीटा

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में NSUI नेताओं ने एक युवक की होटल में लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। अधमरा कर उसे बाहर फेंक दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, उधारी के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। पैसे नहीं लौटाने और फोन नहीं उठाने पर गुस्से में आरोपियों ने युवक को मार डाला।

अब पुलिस ने ऋषि निर्मलकर (19) के हत्या के आरोप में मुख्य आरोपी NSUI जिला उपाध्यक्ष मेजर सागर, दुर्ग जिला संयोजक प्रशांत राव समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, ऋषि के पिता कपड़े प्रेस करने की दुकान चलाते हैं, जिसमें वह उनकी मदद करता था। घटना सिटी कोतवाली थाना इलाके की है।

**जानिए क्या है पूरा मामला ?**

जानकारी के मुताबिक, मेजर सागर ने ऋषि को कुछ पैसे दिए थे। जिसे वो मांग रहा था, लेकिन ऋषि पैसा नहीं लौटा रहा था। उसने मेजर का फोन उठाना भी बंद कर दिया था। 20 जनवरी को ऋषि अपने दोस्त के साथ बाइक पर घूम रहा था।

स्टेशन रोड पर पीछे से कार में आ रहे मेजर सागर और उसके साथियों ने उसे देख लिया। इसके बाद सभी ने ऋषि को बाइक से उतारकर कार में जबरदस्ती बैठा लिया। इसके बाद उसे दुर्ग के 36 इन होटल ले गए।

इस होटल का मैनेजर भी आरोपी मेजर सागर ही था। होटल के एक कमरे में बंद कर सभी ने ऋषि को लात-घूंसों से जमकर पीटा, फिर बाहर लाकर छोड़ दिया। इसके बाद ऋषि ने अपने दोस्त को फोनकर बुलाया और घर गया।

## 2 दिन बाद बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

घर पहुंचने पर परिजनों ने चोट के बारे में पूछा, लेकिन ऋषि ने कुछ नहीं बताया। दो दिन बाद उसकी तबीयत बिगड़ी तो पहले स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर उसे भिलाई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 25 जनवरी को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चोटों की वजह से मौत की पुष्टि हुई।

## पहले 2, फिर 3 फरार आरोपी पकड़े गए

इसके बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने 26 जनवरी को हत्या का मामला दर्ज किया। जांच के दौरान 27 जनवरी को पुलिस ने पहले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें एनएसयूआई जिला संयोजक प्रशांत राव (26) और लक्की उर्फ किशन कुमार ध्रुवे (18) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था।

वहीं, पुलिस ने 2 फरवरी को मुख्य आरोपी मेजर सिंह सागर उर्फ राज सिंह सागर (19), काके उर्फ हरविंदर सिंह (20) और अंकित झा (22) को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी दुर्ग के ही रहने वाले हैं। पूछताछ में सभी ने अपराध कबूल कर लिया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही : बीपी, शुगर और कैंसर रोकथाम में दुर्ग फिसड्डी

**ब्यूरो चीफ रतन कुमार**



**दुर्ग।** कैंसर, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि गैर संचारी रोगों के रोकथाम और इलाज में जिले में लापरवाही हुई है। 29 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। पता चला कि स्थानीय जिम्मेदार नए वित्त वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 38त्न लोगों की ब्लड प्रेशर व शुगर स्क्रीनिंग करा पाए हैं। इससे दुर्ग प्रदेश के सभी 33 जिलों में 32 वें स्थान पर चला गया है। जबकि बहुत पीछे रहने वाला जिला कोरिया 73% लोगों की स्क्रीनिंग करने के कारण प्रदेश में पहले और 32% की स्क्रीनिंग कर पाने से मनेंद्रगढ़-चिरिमिरी- भरतपुर प्रदेश में 33वें स्थान पर है। ओरल और ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग में तो दुर्ग? की स्थिति प्रदेश में सबसे बुरी है। 21% लोगों की ओरल कैंसर स्क्रीनिंग और 23त्न की ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग करने से दुर्ग जिला प्रदेश में सबसे निचले पायदान यानी 33वें स्थान पर चला गया है। गर्भाशय कैंसर की स्क्रीनिंग में भी जिला प्रदेश में 27 वें स्थान पर है। विशेषज्ञों के अनुसार स्क्रीनिंग में लापरवाही जिले की सेहत के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि बीपी, शुगर, कैंसर आदि बीमारियों की जितनी जल्दी पहचान कर, इलाज शुरू कर दिया जाए, उसका दुष्प्रभाव कम होता है। स्क्रीनिंग में लापरवाही से कैंसर का कई बार चौथे स्टेज में पहुंच जाने पर पता चलता है। सभी गैर संचारी बीमारियों की रोकथाम में 24वें नंबर पर-गैर संचारी बीमारियों में मुख्यत- ब्लड प्रेशर, शुगर व कैंसर को रखा जाता है। यद्यपि ये बीमारियां एक से दूसरे को नहीं होती है। लेकिन इनका उपचार नहीं किया जाए तो यह कई दूसरी बीमारियों को जन्म देने के साथ ही अंदरूनी अंगों को खराब करती है। इन सभी बीमारियों की पहचान में दुर्ग में बड़ी लापरवाही की गई है। प्रदेश स्तर पर दुर्ग जिले के विभाग को 100 में 32 नंबर दिया गया है। इस वजह से प्रदेश में जिले को ओवरऑल 24वां स्थान मिला है। कोरिया प्रदेश में पहले नंबर पर आया है।

# धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती

**ब्यूरोचीफ नरेन्द्र कुमार सेन**






**गरियाबंद।** ग्राम खैरझिटी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डमेश्वर दीवान सरपंच ग्राम पंचायत खैरझिटी,अध्यक्षता ओमप्रकाश मिर्धा जिलाध्यक्ष रवि दास समाज,पुनिताराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता,ओमप्रकाश यादव पंच,बंसती बाई सोनवानी,मंचीसन रहे।इस दौरान बड़ी संख्या में संत समाज के अनुवाई जगत गुरु संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की छायां चित्र एवं पीले रंगों से सुसज्जित जयत खांभ पर विधि पूर्वक दीप प्रज्वलित कर श्रीफल एवं पुष्पमाला से पूजा अर्चना किया गया तथा भारत रत्न डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं गौतम बौद्ध भगवान की छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित की गई।और सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुनिताराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि संत रविदास जी एक महान संत के साथ-साथ समाज सुधारक और कवि भी थे।उन्होंने अपने जीवन को समाज में फैली कुरीतियों और जाति आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए समपर्ति कर दिया, उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरित कर रही है।मुख्य अतिथि डमेश्वर दीवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास महराज जी का जीवन चित्रण पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक, समता मानवता एवं भाईचारे के संदेशों पर अमल करने की बात कही।इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष ओमप्रकाश मिर्धा, सचिव हेमलाल बंजारे, उपाध्यक्ष लक्ष्मण बंजारे, सहसचिव डायमंड मिर्धा कोषाध्यक्ष सोहन मिर्धा,राजा परमानंद अजगले, संयोजक गणेश राम बंजारे, मिलन बंजारे,संरक्षक धरन सिंह हिरवानी, मिडिया प्रभारी धनेश मिर्धा, सलाहकार अर्जुन बंजारे, वरिष्ठ सदस्य संतोष सोनवानी, सदस्य अशोक रात्रे,सेवादार गोपाल बंजारे सहित महिला पदाधिकारी तथा सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# धान खरीदी से परेशान किसानों ने किया सड़क जाम, ट्रैक्टरों में भरकर लाए धान



**ब्यूरो चीफ रतन कुमार**

**बालोद।** जिले में धान खरीदी की समस्याओं से नाराज़ किसानों ने मंगलवार को धन से भरे ट्रैक्टर लेकर मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। समय पर खरीदी नहीं होने, टोकन मिलने के बावजूद धान नहीं उठाए जाने और भुगतान में देरी से किसानों में भारी आक्रोश देखा गया।

प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से खरीदी केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन न तो धान की तुलाई हो रही है और न ही कोई स्पष्ट जवाब मिल रहा है। मजबूर होकर किसानों ने ट्रैक्टरों में धान भरकर सड़क पर उतरकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों से चर्चा कर जाम हटाने का प्रयास किया।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही धान खरीदी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही खरीदी प्रक्रिया सुचारु की जाएगी।

# मड़ई मेला व बाजार क्षेत्रों में दुर्ग पुलिस का सख्त अभियान, 450 से अधिक लोहे के कड़े जप्त

**ब्यूरो चीफ - रतन कुमार**





**दुर्ग।** जिले में आयोजित मड़ई मेला, बाजार क्षेत्र और अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दुर्ग पुलिस ने विशेष सघन अभियान चलाया। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 450 से अधिक लोहे के कड़े जप्त किए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16 जनवरी 2026 को नगर क्षेत्र में मड़ई मेला और बाजारों में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही को देखते हुए व्यापक पुलिस बल तैनात किया गया था। अभियान के दौरान कुछ युवक बड़े-बड़े लोहे के कड़े पहनकर सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी करते पाए गए, जिससे आम नागरिकों में भय और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

पुलिस ने ऐसे युवकों को तत्काल चिन्हित कर वैधानिक कार्रवाई की तथा उनके कड़े उतरवाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। पूरे अभियान में



करीब 450 से अधिक लोहे के कड़े जब्त किए गए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से मड़ई मेला, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन व शांति व्यवस्था बनी रही। अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय और सतर्क भूमिका निभाई। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थलों पर शांति बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अराजक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। हथियारनुमा वस्तुएं पहनकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हिन्दू सम्मेलन में बसंती हवाओं के मधुर झोकों के साथ बहा एकता का बयार

## डॉ हेडगेवार जी की जीवन से सीखें हिन्दू निष्ठ होना : महा. सह कार्यवाह आकाशदीप

विशेष संवाददाता

**रायपुर** । सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित हिन्दू सम्मलेन में बसंती हवाओं के मधुर झोकों के साथ रायपुर महानगर में एक राग में एकता का बयार बहा। बसंत ऋतू के आगमन के साथ रायपुर महानगर में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियाँ अपने चरम उत्साह में दिखा।

पुरानी बस्ती के महामाई पारा बस्ती में हुए हिन्दू सम्मलेन में भारत भूषण वर्मा ने कहा कि उच्च वैश्विक दर्शन हिन्दुओं कि विशाल परम्परा का प्रतिबिम्ब है। हमें आपने हिदू दर्शन के अनुसार जीवन को व्यवस्थित करना होगा ताकि देश एकता के स्वर में गा सके।

दीनदयाल नगर के सुंदरनगर में हुए सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर सह कार्यवाह आकाशदीप गुप्ता ने संघ के प्रणेता रहे डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के हिन्दू निष्ठ जीवन शैली के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने बाल्यकाल में ब्रिटिश महारानी के जन्मदिन पर मिले मिठाई को इसलिए फेंक दिया था कि मुझे अपना देश प्यारा था जिस पर वे जुल्म नहीं सह सकते थे। डॉ साहब अपने जवानी में डॉक्टरी की पढाई के लिए कलकत्ता जाना इसलिए स्वीकार किया कि वहां आन्दोलन खड़ा करने का गुण सीखा जा सके, जो हमें कुशल रणनीतिकार होने का सीख देता है। यह सभी कार्य ही सहज रूप से हिंदू एकता के साथ करता आया है। इस जीवनशैली को बताकर हमें सोए हुए हिंदुओं को जगाना है।




कार्यक्रमों में श्रद्धेय संतजनों ने एक स्वर में प्रेरक उद्बोधन देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में सर्व हिन्दू समाज द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डाला। हिन्दू सम्मेलन में सभी मातृशक्ति वक्ता ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मातृ शक्ति की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को समझने के लिए परिवार को समझना आवश्यक है, क्योंकि परिवार ही समाज की मूल इकाई है।


### शहर के कुल 12 जगहों पर हुआ भव्य आयोजन

गुढ़ियारी नगर के शिवनगर में उमेश अग्रवाल, रायपुर इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में उमाशंकर वर्मा, पंडरी में रामजी राजवाड़े, बंजारी नगर के भनपुरी में गोपाल यादव, संता कॉलोनी में नीलकंठ वर्मा, वीर सावरकर नगर कोटा में पूर्णेंदु सिन्हा, टाटीबंध में श्रीनाथ गुप्ता, रविग्राम में अभिषेक राय, कृषक नगर के जोरा बस्ती में महानगर सह प्रचार प्रमुख मनीष कश्यप तथा पिरदा में नकुल सिंह ने अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने राष्टीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा को सेवा, संस्कार और संगठन की प्रेरणादायी गाथा बताया। उन्होंने हिन्दू समाज की एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को राष्ट्र की शक्ति बताया। परिवार को समाज की आधारशिला बताते हुए भारतीय संस्कारों के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया। पंच परिवर्तन के माध्यम से स्व आधारित जीवन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के पालन का आह्वान किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सम्मेलनों में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं मातृ शक्ति की सरि य सहभागिता देखने को मिली। पंथी नृत्य की थाप और गुरु घासीदास को नमन के साथ हुआ हिन्दू सम्मलेन कृषक नगर के जोरा बस्ती में आयोजित हिन्दू सम्मलेन में उस वक्त एकता के स्वर और समरस होने का व्यवहार मूर्त रूप लिया, जब गुरु घासीदास बाबा के मंदिर में पूजन के साथ कार्यर म प्रारंभ हुआ । इस सम्मलेन में ऐतिहासिक और दार्शनिक स्वरूपी पंथी नृत्य की सांघिक थाप के साथ सामूहिक नृत्य का मनोरम प्रदर्शन किया गया। इसमें एक गीत के माध्यम से जाती-पांति के बंधन को तोड़ते हुए हम एक माटी के हैं, ऐसा संवाद स्थापित हुआ। तो वही अन्य गीत और नृत्य से कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, संस्कारयुक्त शिक्षा, पोषण आदि के विशाल हिन्दू दर्शन को बताया गया।

# रेलवे अंडर ब्रिज में गंदगी का साम्राज्य लोग हो रहे हैं धूल से बीमार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भाटापारा रेलवे स्टेशन जो कि रेल लाईन के दोनो तरफ स्थित है इस वजह से नगर में हटरी बाजार रेलवे फाटक के पास रेल प्रशासन द्वारा स्थान अभाव की वजह से मात्र रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है



> अंडर ब्रिज के रास्ते से निकलने वालो को आवारा मवेशियों के साथ साथ दम घुटने वाला माहौल मिलता है

वहीं टेहका रेलवे फाटक में ओव्हर ब्रिज के साथ साथ अंडर ब्रिज का भी निर्माण पूर्व में किया गया है लेकिन उक्त दोनो अंडर ब्रिजो की एक लंबे समय से साफ सफाई व रंग रोगन नही होने से वहां पर धुल की मोटी परत जमा हो गई है। टेहका रोड के करीब बने अंडर ब्रिज में धुल के साथ साथ गोबर कचरा व गंदगी इस कदर व्याप्त है कि वहां पर अंडर ब्रिज के रास्ते से निकलने वालो को आवारा मवेशियों के साथ साथ दम घुटने वाला माहौल मिलता है जिसमें धुल , गोबर , कचरा के साथ साथ अंधेरा से जुझते हुए लोगो को आना जाना पड़ रहा है दुपहिया वाहन चालको के साथ साथ छोटे छोटे चौपहिया वाहन भी उस अंडर ब्रिज से आते जाते है लेकिन अंडर ब्रिज के अंदर साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था नही होने से लोग हलाकान है खासकर थोक सब्जी बाजार के अलावा सुरखी सेन्दरी , बिजराडीह सहित अनेक गांव के अतिरिक्त राम सागर पारा वार्ड वीर नारायण सिंह वार्ड , पटपर वार्ड , लाल बहादुर शास्त्री वार्ड व तहसील की ओर आने जाने वाले लोगो के लिए अंडर ब्रिज एक बेहतर माध्यम है लेकिन आवारा मवेशियों व गंदगी के चलते अंडर ब्रिज का भरपुर लाभ लोग नही उठा पा रहे है इसी प्रकार की स्थिति हटरी बाजार रेलवे फाटक पर बनाये गये अंडर ब्रिज पर भी कायम है जहां गंदगी व धुल कचरा की नियमित सफाई नही होने से लोग परेशान है जनहित में उपरोक्त दोनो अंडर ब्रिज की निमयमित सफाई के साथ साथ रंग रोगन जरूरी हो गया है।

# यातायात जागरूकता में दुर्ग पुलिस कर रही सराहनीय कार्य - केंद्रीय मंत्री



ब्यूरो चीफ रतन कुमार

सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन कुम्हारी में किसान सम्मेलन के अवसर पर यातायात पुलिस दुर्ग ने यातायात नियमों पर आधारित प्रदर्शनी और झांकी का आयोजन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से सम्मेलन में उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन और सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के संबंध में जानकारी दी गई। किसान सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुर्ग पुलिस के यातायात जन-जागरुकता कार्यों और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम केि लए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें यातायात पुलिस द्वारा तैयार सड़क सुरक्षा कैलेंडर भी भेंट किया गया, जिसमें यातायात के 12 प्रमुख नियमों को सुरक्षा की अवधारणा के साथ प्रदर्शित किया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंड्स्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com